卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 267 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦8 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# भारी बारिश से मचा हाहाकार

## जिले भर में बाढ़ से कई इलाके जलमग्न, रूद्रपुर में कल्याणी का जल स्तर बढ़ने से सैकड़ों घरों में घुसा पानी,घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जिले भर में कई स्थानों पर बाढ़ ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। भारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। जिला मुख्यालय की निचली बस्तियों में बाढ़ ने कहर बरपाना शुरू कर दिया हैं कल्याणी नदी कि किनारे बसी जगतपुरा, शिवनगर बस्ती के सैकड़ों घरों में पानी भरने से लोग घर छोड़ने को मजबूर हो गये। कई घरों का सामान बह गया। लगातार बारिश होने से लोगों के साथ ही प्रशासन की चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही है। भारी बारिश के चलते शहर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो चुकी है।कई कालोनियों में निकासी नहीं होने से सड़कों ने तलैया का रूप ले लिया है। सबसे बुरा हाल कल्याणी नदी कि किनारे स्थित जगतपुरा शिवनगर, भूतबंगला, खेड़ा का है। यहां पर कल्याणी नदी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के चलते रविवार रात से लोगों के घरों में पानी भरने का सिलसिला शुरू हो गया है जो रविवार को भी जारी रहा। घरों में पानी घुसने से सैकड़ों लोगों को जगतपुरा और शिवनगर बस्ती में रात जागकर गुजारनी पड़ी। लोग रात भर घर के सामान को बचाने की जद्दोजहद में लगे रहे। कई घरों में चार से पांच फुट तक पानी भर गया जिसके चलते लोगों को सामान के साथ ही घर भी छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। वहीं बाढ़ के चलते कई पशुपालकों ने अपने पशुओं को खुला छोड़ दिया। जगतपुरा बस्ती में शिवजी, गीता, ममुनीष, राहुल, सतेन्द्र, मुकेश, लक्ष्मी, महावीर, बागेश, भूरे, गणेश, राधेश्याम, हीराकली, किशन स्वरूप, दिनेश पासवान,अरूण गुप्ता, विकास जायसवाल, बालेश्वर, अजय, पंकज, गणेश, जगदीश पासवान, मनोज सागर, बिज्जू, दीपक भट्ट, कुंदन कठैत सहित तमाम लोगों के घरों में पानी भर गया। कल्याणी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लालकुंआ में रेलवे ट्रैक पर भरा पानी,ट्रेनें रद्द



लालकुआं(उद संवाददाता)। पिछले 4 दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बरसात के दौरान क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रेलवे ट्रैक में पानी भर जाने के चलते सोमवार को लालकुआं रेलवे स्टेशन से एक भी रेलगाड़ी का संचालन नहीं हुआ, दो रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई, जबकि लालकुआं से आवागमन करने वाली अन्य रेल गाड़ियों को आसपास के स्टेशनों में रोका गया है। जबकि काशीपुर से आने वाली रेलगाड़ी पिछले 4 घंटे से टांडा के जंगल में खड़ी है, इधर मोटाहल्दु के पास हल्द्वानी नवीन सब्जी मंडी से फल लेकर आ रही पिकअप वहां भारी बारिश के बीच असंतुलित होकर सड़क में पलट गई, जिससे मोटाहल्दू में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पिकअप के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें पिकअप सवार दो लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए, जबकि पिकअप में लाये जा रहे आम एवं पुलम सड़क में बिखर गए, इधर लालकुआं (शेष पृष्ठ 7 पर)

## तालाब में तब्दील हुई सड़कें,बाजार में सन्नाटा




गदरपुर(उद संवाददाता)। तीन दिनों से हो रही भारी बरसात रुकने का नाम नहीं ले रही है । शनिवार और रविवार को जनजीवन अस्त व्यस्त करने वाली बारिश का मिजाज सोमवार को भी काफी कड़क रहा। देर रात से शुरू हुई बारिश ने दिन भर कोहराम मचाया। मौसम ने एकाएक करवट ली और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ उमड़े काले बादल झमाझम बारिश बनकर बरसने लगे बारिश से पल भर में ही सड़के सूनी हो गई और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। लगभग 48 घंटे लगातार बारिश से सड़कों को तालाब में तब्दील कर दिया जिससे लोगों का निकलना (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेगुल नदी में बहा युवक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। खेत में काम करने के लिए गया युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। ग्रामीणों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं



चला। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। जानकारी के अनुसार रतनफार्म नंबर एक अंतर्गत निर्मल नगर 20 क्वार्टर निवासी 35 वर्षीय संजीत मण्डल पुत्र हजारी लाल मण्डल सोमवार प्रात: करीब 11 बजे सिउकुल फेज 2 के पास स्थित अपने खेत में काम करने गया था। खेत के बगल से बह रही बेगुल नदी से हो रहे कटाव को देखने के लिए जब वह नदी के तट पर पहुंचा तो अचानक जमीन धंसने से वह नदी के तेज बहाव में बह गया। सूचना पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने युवक को ढूंढने के लिए काफी प्रयास किये लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गयी लेकिन समाचार लिखने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा है।

## सीएम ने वीडियो कांफ्रेसिंग से की राहत कार्यों की समीक्षा

गोपेश्वर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुमाऊँ कमिश्नर, चम्पावत, ऊधम सिंह नगर और पिथौरागढ़ के जिलाधि



कारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ क्षेत्र में हुई अत्यधिक वर्षा, इससे हुए नुकसान एवं राहत व बचाव कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाने, विभागों (शेष पृष्ठ सात पर)

## टॉल प्लाजा हुआ जलमग्न

खटीमा (उद संवाददाता)। तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के बाद खटीमा में हालात बदतर होते जा रहे हैं। नदियों का जल स्तर बढ़ने से कई इलाके खतरे की जद में हैं। यहां जलभराव वाले इलाकों में कई घरों को खाली कराया गया है। खटीमा



को जा रहे एन एच 74 पर लगे टोल टैक्स को बाढ ने अपनी चपेट में ले लिया।टोल टैक्स के चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है,तो टोल के भीतर से भी करीब चार फिट भारी तेज रफ्तार में बह रहा है। पानी की तेज रफ्तार (शेष पृष्ठ सात पर)

## डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



रूद्रपुर(उद संवाददाता)।भारी वर्षा व जल भराव को देखते हुये जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार प्रात: ही सितारगंज, खटीमा क्षेत्र में भ्रमण पर निकले। उन्होने किच्छा, सितारगंज होते हुये झनकट, चकरपुर, खटीमा, लोहियाहैड, नगला तराई सहित अनेक जल भराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुये जल भराव क्षेत्रों व नदी किनारे बसे लोगों का विस्थापित करने व राहत कार्य करने के निर्देश दिये। इधर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी ने अरविन्द नगर, झाड़ी गांव क्षेत्र सितारगंज का स्थलीय निरीक्षण(शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा विधायक बेहड़ पर शुक्ला ने लगाये गंभीर आरोप

देहरादून (उद संवाददाता)। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधानसभा सभापति श्रीमति रितु खण्डूड़ी से भेंट कर उन्हे किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर तथा विधानसभा के पटल पर झूठे तत्यरखकर पिछड़ी जति की युवती के साथ छेड़छाड़ एवं बलात्कार की कोशिश करने वाले आरोपियों की प्रताड़ना से आत्महत्या करने वाली युवती के परिजनों पर धरना देकर झूठा मुकदमा दर्ज करवाने तथा अपने रिश्तेदारों द्वारा एक दलित युवक की अवैध असलहे से हत्या करवाने की घटना पर सदन के पटल पर हत्यारों के समर्थन में झूठी बयान बाजी कर पूरे सदन को एवं पूरे प्रदेश को गुमराह (शेष पृष्ठ सात पर)



# आपदा प्रभावितों को तत्काल पहुंचायें राहत : विनोद कुमार

## सभी जिलों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों से मांगी बंद सड़कों और प्रभावितों की रिपोर्ट

देहरादून( उद संवाददाता)। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आईटी पार्क स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (कंट्रोल रूम) से जनपदों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान श्री विनोद कुमार सुमन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों से वर्तमान स्थिति तथा जिलों में हो रही बारिश को लेकर जानकारी ली और सभी जिलों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को एलर्ट पर रहने तथा हालात पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टेट तथा नेशनल हाईवे में यातायात संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे के साथ ही ग्रामीण सड़कों को लेकर निर्देश दिए कि जो भी मार्ग बंद हैं, उन्हें जल्द से जल्द खुलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग बंद हैं तो साइनेज लगाए जाएं तथा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। श्री विनोद कुमार सुमन ने नदियों के जलस्तर को लेकर भी डीडीएमओ से जानकारी ली और किसी भी आपात स्थिति को लेकर तुरंत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सूचना भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नदियों का जलस्तर बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने और लोगों को नदी-नालों से दूर रहने को लेकर जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विभिन्न आपदाओं को लेकर भ्रामक तथा फर्जी पोस्ट डाले जाने की सूचना मिली है। पुराने वीडियो तथा फोटो को वर्तमान का बताकर गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने सभी डीडीएमओ से कहा कि आम जनता में भय और डर का माहौल न रहे, इसलिए ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए।सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को राहत राशि वितरित करने में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने 15 जून से लेकर अब तक कितनी राहत राशि बंट चुकी है तथा कितने मामले लंबित हैं, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अभी तक राहत राशि नहीं बांटी गई है, उन तक हर हाल में जल्द से जल्द राहत राशि पहुंचाई जाए। श्री विनोद कुमार सुमन ने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को जिलों के कंट्रोल रूम में इंटरनेट की सुविधा तथा कनेक्टिविटी सुचारु तथा निर्बाध रूप से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए यह जरूरी है कि सूचनाओं का आदान-प्रदान समय पर हो। इस दौरान यूएसडीएमए के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, ड्यूटी ऑफिसर आलोक कुमार सिंह, एसईओसी के दिवस प्रभारी रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।



## लोनिवि ने 146 अवरूद्ध सड़कों को खोला

देहरादून। बारिश से राज्य में मुसीबत बढ़ गई है। बीते तीन दिनों की बात करें तो भूस्खलन समेत अन्य कारणों के चलते हर दिन सौ से अधिक मार्ग बंद हो रहे हैं। प्रदेश में रविवार को 135 मार्ग बंद हुए, 109 मार्ग छह तारीख से बंद थे। इस तरह 244 सड़कें बंद थीं। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, इनमें से 146 को खोला जा सका है। अब भी 98 मार्ग बंद हैं। इनमें एक नेशनल हाईवे, पांच राज्य मार्ग, आठ मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग और 82 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। मार्गों को खोलने के लिए 46 जेसीबी काम पर लगी हैं। वहीं प्रदेश के अधिकतर जिलों में आज (सोमवार) तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से नैनीताल, बागेश्वर, देहरादून, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और चंपावत जिले में कहीं-कहीं तेज गर्जन के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं ऋषिकेश में बारिश के कारण मैदानी भागों में गंगा और उसकी सहायक नदियां उफान पर आ गई हैं। गंगा चेतावनी रेखा से मात्र 85 सेमी नीचे बह रही है। विष्णु प्रयाग में चट्टान टूटने के कारण रविवार को बदरीनाथ हाईवे दिनभर बंद रहा। हाईवे 25 घंटे बाद वाहनों की आवाजाही के लिए खुला। वहीं बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी जाने वाले करीब 3000 श्रद्धालु और पर्यटकों ने दिनभर अपने वाहनों में बैठकर हाईवे खुलने का इंतजार किया।

# सांसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारियों से ली जलभराव के हालातों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भारी बरसात के चलते नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले में जल भराव वह बरसात की स्थिति को लेकर दोनों जिले के जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही संसदीय क्षेत्र की जनता से भारी बारिश में सुरक्षित व सतर्क रहने की अपील की। अजय भट्ट ने जल भराव व सड़कों के बंद होने की स्थिति का जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर पूरी जानकारी ली । इस दौरान भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी रामनगर मार्ग में चकलुवा के पास भारी बारिश से पुल के नीचे का हिस्सा बह गया है। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। फिलहाल पुल को नुकसान ना हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्काल सुरक्षात्मक कार्य मौके पर शुरू कर दिए गए हैं। इसके अलावा देहरादून दिल्ली से वाया रामनगर आने वाले यात्रियों व लोगों से वाया रुद्रपुर आने की व्यवस्था करते हुए रूट डायवर्ट किया गया है। इसके अलावा



गोला नदी में भी पानी छोड़ा गया है इस वजह से तटवर्ती इलाकों में संवेदनशील क्षेत्र में रह रहे दो परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। तथा विभिन्न इलाकों में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए सरकारी मशीनरी 24 घंटे काम कर रही है। उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह से वार्ता करते हुए अजय भट्ट ने भारी बरसात की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने गौला नदी के तटवर्ती इलाकों को अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी कर्मचारियों अधिकारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है सभी को अलर्ट मोड पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। श्री भट्ट ने कहा कि सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रत्येक जिले के कंट्रोल रूम की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। श्री भट्ट ने जनता से भी अपील की है की मौसम विभाग के रेड अलर्ट के चलते भारी बरसात में नदी, नाले, नहर, रपटे और गाधेरों से दूर रहें और अपने और खासकर बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता ना हो तो इस मौके पर यात्रा न करते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहे।

# दो कारों की जोरदार भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी समेत दो लोग घायल

हल्द्वानी। हल्द्वानी अमर उजाला कार्यालय के पास रामपुर रोड पर देर रात करीब 10 बजे दो कारों की आमने- सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। लोगों की मदद से तीनों को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग पति की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और दूसरे कार के चालक का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात मूल रूप से बिजनौर और हाल श्रीजी विहार हल्द्वानी निवासी जयपाल (65) पत्नी रश्मि रानी (55) के साथ कार से हल्द्वानी आ रहे थे। उधर एक युवक कार से रुद्रपुर की ओर जा रहा था। रामपुर रोड पर अमर उजाला कार्यालय के पास दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को



सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया। टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान जयपाल की मौत हो गई, जबकि पत्नी रश्मि का इलाज चल रहा है। दूसरी कार के चालक दीपक निवासी गिल फार्म हल्द्वानी भी गंभीर रूप घायल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय से एंबुलेंस आ जाती तो शायद जयपाल की जान बच सकती थी। देरी एंबुलेंस आने पर घायलों को अस्पताल ले जाने में देरी हुई।

# हल्द्वानी में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई घरों में घुसा पानी

## 12 घंटे बाद खुला भवाली-अल्मोड़ा हाईवे, दो मशीनों से हटाया मलबा

नैनीताल। भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार को 12 घंटे बाद खुला। दो मशीनों से मलबा हटाने के बाद यातायात सुचारू किया गया। जिससे अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, डीडीहाट, रानीखेत, द्वाराहाट, धारचूला और हल्द्वानी की तरफ आने जाने वाले यात्रियों को राहत मिली। खैरना पुलिस ने सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार को बारी-बारी से छोड़ा। कैंची धाम के एसडीएम वीसी पंत ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग का यातायात डायवर्ट कर दिया गया था। अब हाईवे खुलने से यातायात को बहाल किया गया है। वहीं रविवार को दिनभर बारिश से हल्द्वानी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। 24 घंटे में नैनीताल जिले में औसतन 99.1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। अधिकतम पारा 24.6 और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि एक से सात जुलाई के बीच औसतन 286.7 मिमी बारिश हो चुकी है। एक जून से अब तक जिले में 384 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। इधर पंतनगर कृषि विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगले 48 घंटे हल्की से मध्यम बारिश की आशंका है। हल्द्वानी में लगातार बारिश से हल्द्वानी से लेकर हल्दूचौड़ तक कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। मोतीनगर से लेकर



जयपुर बीसा तक सिंचाई नहर का पानी लोगों के घरों में घुस गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 87 घरों में पानी घुसने की सूचना आई। उधर हिमालया कॉलोनी छड़ायल सुयाल में घुटनों तक पानी भर गया। 10 घरों में पानी घुसने से लोगों का सामान भी खराब हो गया। दमुवाढूंगा क्षेत्र में रकसिया नाले में दो बाइक सवार बहते-बहते बचे। उनकी बाइक नाले में बह गई। पानी रुकने के बाद लागों की मदद से बाइक निकाली गई। नगर निगम की टीम हिमालयन कॉलोनी में पानी निकालने के लिए मोटर लेकर पहुंची लेकिन भारी जलभराव के कारण मोटर चलाने के बाद भी पानी कम नहीं हुआ। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि खेतों का पानी कॉलोनी में आ रहा है। निकासी के लिए कॉलोनी में कोई नाली नहीं है। उधर शनिबाजार क्षेत्र में 20 घरों में, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में रकसिया नाले के कारण 20 घरों में, कालाढूंगी और तिकोनिया में दो दुकानों में, आंवला चौकी में 20 घरों में, मोतीनगर स्थित दुर्गाभगवानपुर में 15 घरों में नालों का पानी घुसने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गईं। मोतीनगर, जयपुर बीसा, मोटाहल्दू के ग्रामीणों का आरोप है कि जब से जिला प्रशासन ने वॉकवे मॉल के पास देवखड़ी नाले का पानी सिंचाई नहर में डाला तब से उनके घरों में पानी घुस रहा है। रविवार को जब एसडीएम पारितोष वर्मा दुर्गा भगवानपुर पहुंचे तो ग्राम प्रधान सीमा पाठक ने देवखड़ी नाले का पानी सिंचाई नहरों में नहीं डालने की मांग की। उधर काठगोदाम गौला पुल और कलसिया नाले के पुल पर कई जगह गड्ढे हो गए। नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड में कई जगह गड्ढे हो गए हैं।

# हल्द्वानी-रामनगर हाईवे की पुलिया टूटने से यातायात डायवर्ट

कालाढूंगी। उत्तराखंड में चार दिन से लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले, गधेरे उफान पर हैं। वहीं, कई पुलों पर भी खतरा पैदा हो गया है। रविवार को हल्द्वानी-देहरादून स्टेट हाईवे पर चकलुवा के पास बने पुल को भी खतरा पैदा हो गया है। पानी के तेज बहाव ने पुल के दोनों पिलर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ऐसे में यह पुल कभी भी ढह सकता है। रामनगर -भतरौंजखान मार्ग पर मोहान स्थित पन्याली नाले में आए तेज बहाव के कारण इस पर बना पुल टूट गया। इससे भतरौंजखान, भिकियासैंण, रानीखेत के लिए आवाजाही बंद हो गई है। राहगीरों को चिमटाखाल, हरड़ा मार्ग से भेजा रहा है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले में दारमा घाटी के माइग्रेशन ग्राम बोन को जोड़ने के लिए च्युति गधेरे में बना पुल भी बारिश की भेंट चढ़ गया है। इसके चलते गांव के 30 परिवारों का संपर्क मुख्य सड़क से कट गया है। तीजम और वतन तोक को जोड़ने वाला लकड़ी का पैदल पुल बह गया है। इससे 18 परिवारों का संपर्क कट गया है। उधर, चीन सीमा को जोड़ने वाला कैलाश मार्ग पर स्थित बैली ब्रिज भी खतरे की जद में है। हल्द्वानी-रामनगर हाईवे की पुलिया टूटने से पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सड़क को बंद कर रूट डायवर्जन कर दिया है। अगर आप इस सड़क से रामनगर या हल्द्वानी आना चाह रहे हैं तो घर से रूट देखकर ही निकलें। लोनिवि ने पुलिया बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। बारिश की वजह से दिक्कत आ रही है। रामनगर से हल्द्वानी आने वाले वाहन नयागांव, बाजपुर, दोराहा, गदरपुर, रुद्रपुर से होते हुए हल्द्वानी आएंगे। देहरादून, हरिद्वार, बिजनौर, जसपुर, हल्द्वानी आने वाले वाहन काशीपुर से दोराहा, गदरपुर, रुद्रपुर से होते हुए हल्द्वानी आएंगे। हल्द्वानी की ओर से कालाढूंगी, बाजपुर,रामनगर को जाने वाले वाहन हल्द्वानी से वाया रुद्रपुर, गदरपुर, दोराहा, काशीपुर होते हुए जाएंगे। दिल्ली, नोएडा, अफजलगढ़, जसपुर से आने वाले वाहन वाया काशीपुर, दोराहा, गदरपुर, रुद्रपुर से होते हुए हल्द्वानी आएंगे। हल्द्वानी को आने वाले दोपहिया वाहन वाया कालाढूंगी, चकलुवा, विदरामपुर, भाखड़ा पुल होते हुए हल्द्वानी आएंगे।



# काशीपुर में बाढ़ जैसे हालात, दुकानों में घुसा पानी

काशीपुर(उद संवाददाता)। बरसात से पूर्व निगम प्रशासन द्वारा नाले नालियों के तलीझाड़ की भली प्रकार सफाई ना कराने के फलस्वरूप पौराणिक शहर काशीपुर में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आवास विकास काजीबाग कटोराताल डॉक्टर लाइन सब्जी मंडी दुर्गा कॉलोनी गौतम नगर कवि नगर समेत शहर के दर्जनों आबादी वाले मोहल्लों में जल भराव के कारण हालात बद से बद्तर हो चुके हैं। मेन मार्केट में डेढ़ से दो फीट पानी भर जाने के कारण व्यापारियों के भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर के अधिकांश मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। स्टेशन रोड बाजपुर रोड मेन मार्केट रतन रोड से होकर निकलना काफी मुश्किल हो गया है। मुख्य बाजार में जहां एक और डेढ़ से दो फीट पानी जमा होने के कारण व्यापारियों के भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है वहीं दूसरी ओर स्टेशन रोड समेत शहर के दर्जनों आबादी वाले मोहल्ले में जल भराव के कारण जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। खबर लेकर जाने तक निगम प्रशासन द्वारा जल भराव से निजात पाने को कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर सका है। निगम प्रशासन की कार्यशैली को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जल भराव की समस्या काशीपुर की सबसे पुरानी समस्याओं में शुमार है। इसी को मुद्दा बनाकर तथाकथित नेता चुनावी वैतरणी पार करते रहे हैं। चुनाव जीत जाने के बाद कभी किसी जनप्रतिनिधि ने शहर की ज्वलंत समस्याओं को पलट कर नहीं देखा। अकेले जल भराव के कारण प्रति वर्ष करोड़ों का नुकसान होता है वहीं दूसरी ओर दर्जनों परिवार बेघर हो जाते हैं। हर बार प्रशासन तमाशबीन होता है। इस वर्ष भी बरसात में प्रशासन कमोवेश आपदा से होने वाले नुकसान का तमाशा देख रहा है।





# मूसलाधार बारिश से दिनेशपुर क्षेत्र की सड़कें हुई जलमग्न

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। शनिवार दोपहर बाद से हो रही मूसलाधार बारिश से नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण इलाके की सड़कें जलमग्न हो गयी है। दिनेशपुर नगर के निचली क्षेत्र की सड़के पूरी तरह जलमग्न हो गई है नगर के कई नालियो के ऊपर से सड़क तक पानी लबालब भरा हुआ है। काली नगर उदय नगर



श्रीरामपुर कुल्हा चंदन नगर खटोला दुर्गापुर आनंद खेड़ा रोड में नालों का पानी सड़कों में बह रहा है। नेता नगर के कई कॉलोनी के आगे पानी निकासी नहीं होने से कॉलोनी पूरी तरह जलमग्न है। वार्डों व मोहल्लों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व टीम नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश व्यक्त है। दिनेशपुर में 40 एमएम बारिश दर्ज की गयी है। क्षेत्र में बहने वाली भाखड़ा नदी अंधवा सेतु का जल स्तर सामान्य है। श्रीरामपुर जंगल से निकलने वाले नदी ने कई गांवों में कृषि भूमि का कटाव शुरू कर दिया है।

# छात्रा को भगा ले गया स्कूल का फुटबॉल कोच

हल्द्वानी। शहर के प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा को स्कूल का फुटबॉल कोच भगा ले गया। पुलिस ने कोच पर प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनका व उनके बड़े भाई का परिवार एक साथ रहता है। उनकी नाबालिग भतीजी शहर के एक स्कूल में 10वीं की छात्रा है। तीन जुलाई को उनकी भतीजी स्कूल गई थी, लेकिन छुट्टी के बाद वह घर नहीं लौटी। इस पर उसकी भाभी बेटी को ढूंढने के लिए स्कूल पहुंचीं। तब पता चला कि बेटी स्कूल नहीं पहुंची थी। उसकी सहेली ने बताया कि स्कूल का फुटबॉल कोच बिटिया को अपने संग स्कूटी पर बैठाकर ले गया है। उनका कहना है कि आरोपित बहला-फुसलाकर बेटी को भगा ले गया है। एसएसआइ महेंद्र प्रसाद ने बताया कि फुटबाल कोच पर नाबालिग को भागने के आरोप में प्राथमिकी कर ली है। सर्विलांस की मदद से नाबालिग व आरोपित दोनों की तलाश की जा रही है।

# सहस्त्रधारा में डूबने से राजस्थान के पर्यटन की मौत

देहरादून। साथियों के साथ सहस्रधारा घूमने आए राजस्थान के पर्यटक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने पर्यटक के शव को मोर्चरी में रखवाया है। शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम को सहस्रधारा में युवक के डूबने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस पहुंची तो पता चला कि पर्यटक के साथ आए अन्य तीन साथी उसे नदी से निकालकर कोरोनेशन अस्पताल ले गए हैं। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कालूराम पुत्र जुमाराम निवासी गांव एवं पोस्ट गुलेरिया जिला चुरु राजस्थान के रूप में हुई है। 35 वर्षीय कालूराम अपने तीन साथियों के साथ यहां घूमने आया था। नहाते वक्त उनका पैर फिसल गया जिससे वह नदी के तेज बहाव में आ गए। कुछ दूरी पर ही उनके साथियों व बचाव दल ने उन्हें बाहर निकाला लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

# टमाटर के दाम 80 रुपये और आलू 40 रूपये किलो पहुंचा

देहरादून। फुटकर बाजार में कुछ दिन पहले तक 40 से 50 रुपये तक बिकने वाला टमाटर अब 80 रुपये किलो पहुंच गया है। आलू भी 40 रुपये किलो बिक रहा है। अन्य सब्जियों के दामों में भी उछाल आने से उपभोक्ताओं की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। निरंजनपुर मंडी सचिव विजय थपलियाल ने बताया कि बंगलूरू और महाराष्ट्र से टमाटर की आवक काफी कम हो रही है। इसकी वजह से टमाटर महंगा हो गया है। मंडी सचिव ने बताया कि अन्य सब्जियों की आवक पर भी बारिश का असर पड़ा है। निरंजनपुर मंडी सचिव विजय थपलियाल ने बताया कि बंगलूरू और महाराष्ट्र से नई टमाटर की फसल आगामी 10 दिनों में तैयार हो जाएगी। बारिश कम होते ही आवक बढ़ने से कीमतें गिरने लगेंगी। यूपी और अन्य जगहों से भी बारिश कम होते ही आवक बढ़ने की उम्मीद है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# दो सगे भाइयों पर छेड़छाड़ व प्रेमी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

हल्द्वानी। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दो सगे भाइयों पर छेड़छाड़, मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, काठगोदाम क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति अक्सर उससे किसी न किसी बात को लेकर झगड़ता रहता है। आरोप है कि कुछ दिन पहले भूपेंद्र सिंह व उमेश सिंह ने उससे मारपीट, गालीगलौज व छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस ने छेड़छाड़, धमकी व गाली गलौज की धारा में प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
4-5 एकाउंटेंट की।
जिसे टैली और एक्सेल का 3 से 4 वर्ष का अनुभव हो।
(वेतन योग्यतानुसार)
-सम्पर्क करें-
विनायक ट्रेडिंग फर्म
गाबा चौक निकट संजीवनी हॉस्पिटल, काशीपुर रोड,रूद्रपुर,मो. 6396259554

# शराब की दुकान के सामने शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर। गल्ला मण्डी में शराब की दुकान के सामने अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गल्ला मण्डी स्थित देसी शराब की दुकान के सामने संदिग्ध अवस्था में अधेड़ की मौत की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त दीपक बिष्ट निवासी देवलथल पिथौरागढ़ के रूप में हुयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेजा है।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# तंत्र के अधूरे संसाधन बाढ़ में डूबने से उम्मीदें पानी पानी

## शहर में जिलनिकासी के लिए सिर्फ एक जेसीबी मशीन, मूसलाधार बारिश से लोगों में दहशत





सितारगंज(उद संवाददाता)। मूसलधार बारिश की वजह से सितारगंज का शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का काफी हिस्सा बाढ़ की चपेट में आने से दहशत फैल गई हैं। नगर पालिका प्रशासन एक जेसीबी मशीन की मदद से 30 हजार मतदाता वाले वार्डों में जलनिकासी के लिए तत्परता से जुटा हुआ है। इस वजह से शहर का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ की चपेट में आने से बच गया है। जबकि 30 प्रतिशत हिस्से में बाढ़ के हालत बने हुए है। हालांकि सड़कें तरबतर हो गई, पुलिए, नाले चौक हो गए जिन्हें समय रहते जल निकासी कराया गया। नहीं तो सितारगंज शहर के हालात भी खटीमा की तर्ज पर भयानक बाढ़ की चपेट में आ सकता था। सिंचाई विभाग अगर नदियों के कटाव को रोकने में असफल रहा तो सितारगंज शहर में बाढ़ के हालात पूर्व की भांति बन सकते हैं। रविवार शाम से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की कैलाश और बैगुल नदी उफना गई। नदियों के उफनाने से शहरी क्षेत्र के बीच में बहने वाली सिंचाई नहर ओवरफ्लो हो गई। जिसके पानी ने नहर के किनारे बसे आजाद, नगर नहरपार के इलाकों को चपेट में ले लिया। करीब 6 हजार परिवार सड़कों और बस्ती में जल भराव होने के कारण घरों में कैद हो गए। इसके साथ ही बलीनगर कालोनी, जीएस कालोनी, मीना बाजार मार्ग, सरकारी अस्पताल, बीजती मार्ग, जेलकैंप मार्ग, चिंतिमजरा आदि शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी का जलस्तर आबादी में बढ़ाने के कारण शहरी क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी भय फैल गया। जल निकासी के लिए प्रशासन के पास प्रभावितों के फोन आने लगे। लेकिन शहरी क्षेत्र में एक जेसीबी मशीन होने के कारण विभिन्न स्थानों पर जल निकासी के लिए प्रशासन के साथ ही प्रभावितों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पूर्व सभासद रवि रस्तोगी, सुखदेव सिंह, भाजपा नेता मुशीर लारी जगह जगह प्रभावितों की मदद को पहुंचे और जल निकासी सुनिश्चित कराई। वहीं दूसरी तरफ कैलाश और वैकून नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बसे गांव में भी पानी घुस गया और कृषि योग्य भूमि भू कटाव होकर नदी में समा गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन ने बताया कि शहरी क्षेत्र में निरंतर जल निकासी की जा रही है। पानी ओवरफ्लो होने के कारण नालों के ऊपर बह रहा है। जेसीबी मशीन की मदद से कर्मी तड़के से ही विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दीपचंद पंत ने बताया कि बैगुल, कैलाश नदी उफान पर है। बैगुल में पुल के ऊपर पानी बह रहा था। अब हालात ठीक है। नदियों में हो रहे भू कटाव का निरीक्षण कर तत्काल बाढ़ सुरक्षा के प्रबंध किए जाएंगे। तहसीलदार पूजा शर्मा से दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन उनके व्यस्त होने के कारण बात नहीं हो सकी।

# उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की लापरवाही से रुद्रपुर की जनता संकट में

## समाजसेवी सुशील गावा ने सिचाई विभाग पर उठाये सवाल, नदी के प्राकृतिक प्रवाह से की गयी छेड़छाड़ बन रही बाढ़ का कारण






रुद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता सुशील गाबा ने लगातार तीसरे दिन कल्याणी नदी और बैगुल नदी का मौका मुआयना करने के बाद खुलासा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की वजह से रुद्रपुर की जनता संकट में है। अगर कायदे से नदी की सफाई करके प्रवाह सुचारु किया जाए तो एक भी घर को उजाड़े बिना बाढ़ के पानी का प्रबंध न किया जा सकता है। 4 दिनों से कल्याणी नदी और बैगुल नदी की स्थिति का मुआयना कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता सुशील गाबा ने झील के पीछे हिस्से से लेकर इंद्रा चौक पेट्रोल पंप के पास तक नदी के प्रवाह का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम वेंडर जोन, इंद्रा चौंक, यातायात चौंकी से लेकर आगे दूर तक नदी में पानी है ही नहीं। गहराई से निरीक्षण पर यह बात सामने आई कि यह दोनों नदिया उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा की तरफ बहती है। यही मानचित्र में भी है, लेकिन झील की पहली भुजा के ठीक पीछे से कल्याणी नदी के बहाव की दिशा को उत्तर से सीधे 90 डिग्री के कोण से पूरब दिशा की तरफ मोड़कर पूरे बहाव को बेगुल नदी में एक कर दिया जा रहा है। ठीक पहाड़गंज भूतबंगला में बैगुल नदी में कल्याणी नदी का पानी मिल रहा है, जिससे पहाड़गंज, भूत बंगला, रमपुरा के निचले क्षेत्रों में भारी जलभराव हो रहा है। गाबा ने उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग द्वारा कल्याणी को पूरब दिशा में मोड़ने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सबसे पहले झील की पहली भुजा से कल्याणी को सीधे दक्षिण दिशा की तरफ प्राकृतिक बहाव को खोलना बहुत जरूरी है। यदि यह हो जाए तो बाढ़ के विनाश का एक बड़ा चैप्टर हमेशा हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। श्री गाबा ने कहा कि इस मामले में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारों से मिला जाएगा, लेकिन उत्तर प्रदेश के कब्जे से उत्तराखंड की परिसंपत्तियों को अपने कब्जे में कराने का कार्य होना भी बहुत जरुरी है। उत्तराखंड के अधिकारी को उत्तराखंड के लोगों का दर्द समझ में आता है लेकिन उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में बैठे हुए अधिकारियों को यहां से दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है।







# भारी बरसात में विधायक ने लिया जलभराव का जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने नदी किनारे लगते हुए क्षेत्र जिनको कुछ समय पूर्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नोटिस थामा दिये थे जिसके चलते उन क्षेत्र मे उनके 20-20 मीटर तक लगाये गये अतिक्रमण के निशान व उनको मिले नोटिस वाले चिन्हित क्षेत्रों का दौरा कर मौके की स्थिति देखी। साथ हीं विधायक ने कल्याणी नदी के स्वरूप को भी देखा। उन्होंने कहा कि मे जलभराव की स्थिति न हो। हमने नदी के अस्तित्व को बचाते हुए ओर लोगो का कम से कम नुकसान के साथ ऐसे कार्य करना है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अनावश्यक रूप से किसी को अत्यधिक वर्षा के समय पानी की निकासी इन नदियों के द्वारा हीं होनी है। ऐसे मे इनकी सफाई व इनका आकार बना रहे जिससे हमको बाढ़ जैसी स्थिति का समाना न करना पड़े। इस दौरान दर्जा





आशियाना उजाड़े का खतरा मंडराने लगा था उन क्षेत्रों का विधायक ने भारी बरसात के बीच पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने संजय नगर खेड़ा, जगतपुरा, अरविन्द नगर, मुखर्जी नगर क्षेत्र का पैदल दौरा किया कर लोगों से स्थिति ी जानकारी ली।विधायक शिव अरोरा ने स्थानीय लोगो के साथ्र उनके क्षेत्र मे निश्चित रूप से एक गरीब के लिये उनका आशियाना उसके जीवन भर की मेहनत की कमाई होती है । प्रशासन द्वारा थमाये गये नोटिस से लोगों में भय का वातावरण है। लेकिन नदी के स्वरूप को भी ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने न्यूनतम आकार में रहते हुए पानी की निकासी करती रहे। जिससे हमारे क्षेत्र हटाया नहीं जाएगा। नदी जद में आ रहे या बिलकुल समीप बने मकान जो बिलकुल हटाना मजबूरी हुई तो उनके लिए पहले पुनर्वास व्यवस्था करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि कल्याणी, बेगूल नदी का स्वरूप बना रहे है यह भी शहरी व बस्ती क्षेत्र के लिये बहुत जरूरी है।हमारा प्रयास है कि मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मंडी चेयरमेन के के दास, सुरेश कोली, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, किरण विर्क, रोबिन विश्वास, अखिल विश्वास, मुकेश मंडल, दीनू साना, तरुण दत्ता, सत्य प्रकाश चौहान, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, अनमोल विर्क, डम्मी चोपडा, अम्ल मंडल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुंजन सुखीजा ने समस्याओं को लेकर सीएम से की मुलाकात

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने देहरादून जाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की और सांगठनिक जिला काशीपुर सहित गदरपुर विधानसभा के विकास कार्यो को लेकर चर्चा की जिसमें गदरपुर स्थित सरकारी अस्पताल में अल्ट्रा साउंड मशीन लगवाने, ग्रामसभा जयनगर में प्राइमरी हेल्थ सेंटर बनवाने, गूलरभोज डाम अंदर मे प्राइमरी हेल्थ सेंटरबनवाने तथा वहां स्थित विद्यालय के उच्चीकरण करवाने ,धार्मिक स्थलों के निकट निर्माण कार्य एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण जैसे कार्य शामिल है। जिसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया। इसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार प्रदेश के सर्वांगीण विकासको लेकर तत्पर है और आज उत्तराखंड देश के अग्रणी प्रदेशों में शामिल है।







# अमरनाथ यात्रा के लिए रुद्रपुर से जत्था रवाना

## भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



रुद्रपुर।रुद्रपुर के श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के उपरांत यात्रा के लिए रवाना हो गया। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने हरी झंडी दिखाकर भोले बाबा के भक्तों को रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। 90 यात्रियों का जत्था शाम दुर्गा मंदिर में एकत्र हुआ जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की और भोले बाबा के जयकारों के साथ वह अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो गया ।अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मनीष चुघ ने बताया कि अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में यह 22वीं यात्रा है और भोले बाबा की कृपा से सभी यात्राएं सुखद रही है ।उन्होंने कहा की नौ जुलाई को वह दिल्ली से रवाना होंगे और 12 जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने बताया कि माता वैष्णो देवी सोमवार को 12 बजे पहुंचेंगे और गरीब रथ से यात्रा समाप्त करने के उपरांत रुद्रपुर रेलवे स्टेशन श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि अमरनाथ सेवा मंडल महाशिवरात्रि के पर्व पर विशाल भंडारे और जागरण का आयोजन पिछले कई वर्षों से करता आया है और इस बार भी विशाल जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा करना सौभाग्य की बात है देश के जवान ऐसी कठिन यात्रा में सभी श्रद्धालुओं की हिफाजत करते हैं और देश दुनिया से आए हजारों श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के दर्शन करते हैं ।इस दौरान अमरनाथ यात्रा में जाने वालों में सुनील ठुकराल, विकास शर्मा , राजकुमार खनिजो महेश छाबड़ा गुलशन छाबड़ा मंदिर समिति अध्यक्ष रेनू अरोरा सनी बब्बर किशन नारंग अशोक भल्लानिशांत ढल्ला ,राजन राठौर, अजय लूथरा, सुरेश छावड़ा, राजीव मिडडा, अशोक गुंबर, अशोक गुंबर ,जगदीश टंडन ,अर्पित पाल, सुमित घई, लक्ष्य अरोड़ा, बलवान सिंह ,आरव डाला ,कुशल मलिक, प्रेम अरोड़ा, रमेश कालरा, हिमांशु दुआ ,सुशील नारंग, कालू नारंग, संदीप मिश्रा ,शिवम नरूला, मीना अग्रवाल ,आशा गर्ग ,आशा अग्रवाल ,अंजू छाबड़ा ,निकिता अरोड़ा ,दिव्यांशी अरोड़ा तरुण चूघ मनोज मदान राज कोली समेत 90 श्रद्धालु शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पुलों का निर्माण

बिहार में मानसून की शुरुआत में ही एक के बाद एक पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और जल संसाधन तथा ग्रामीण कार्य विभाग के पंद्रह अभियंताओं को निलंबित कर दिया। गौरतलब है कि राज्य में बीते कुछ दिनों के भीतर विभिन्न इलाकों में नए-पुराने दस पुल ढहने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात है कि ध्वस्त पुलों में कुछ निर्माणाधीन थे। सवाल है कि बिहार की मौजूदा सरकार अपने जिस सुशासन के दावे अक्सर करती रहती है, उसमें लगातार पुलों के ढहने को कैसे देखा जाए। कुछ वर्ष पहले बने या फिर निर्माणाधीन पुल अगर इस तरह गिर गए, तो इसके पीछे घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के अलावा और क्या वजह हो सकती है? विडंबना है कि जहां पुलों के लगातार ढहने की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाती, बाकी पुलों के रखरखाव और नए पुलों के निर्माण में भ्रष्टाचार खत्म करके उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती, वहीं इस मसले पर नाहक सियासी बयानबाजियां शुरू हो गईं। ढह गए पुलों की जिम्मेदारी पर सियासत क्या इस समस्या का समाधान है? दरअसल, भ्रष्टाचार के ये पुल सुशासन के दावों की हकीकत बता रहे हैं। लगातार पुलों के गिरने की घटनाओं पर कठघरे में घिरी सरकार का कहना है कि उसके अधीन निर्मित जो पुल गिरे हैं, उनका जिम्मा संभालने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सवाल है कि जब इन पुलों का निर्माण हो रहा था तो संबंधित विभाग ने इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत क्यों नहीं समझी। इस बात की क्या गारंटी है कि कोई दूसरा ठेकेदार पुल के निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेगा? पुलों के गिरने की घटनाओं को लेकर गठित जांच समिति ने अपनी शुरुआती रपट में कहा है कि विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य की निगरानी करने और बाद में पुलों की देखरेख में लापरवाही बरती। इसी रपट के आधार पर पंद्रह अभियंताओं को निलंबित किया गया है। मगर क्या सिर्फ संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर देने से इस की समस्या का समाधान हो जाएगा? भ्रष्टाचार के जिस जाल की वजह से ऐसी समस्याएं पैदा होती हैं, उस पर प्रहार किए बिना इसका हल कैसे निकलेगा?

# गौला ने धारण किया विकराल रूप,कई इलाके खतरे की जद में

किच्छा(उद संवाददाता)। बीते तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण नगर क्षेत्र जलमग्न हो गया है। हल्द्वानी किच्छा रोड ,रूद्रपुर किच्छा,किच्छा बरेली रोड लबालब हो गए। पहाड़ों में बीते एक हफ्ते से हो रही भारी बारिश के कारण गोला ने अपना विकराल रूप धारण करना प्रारंभ कर दिया है जिससे नगर क्षेत्र पुरानी गल्ला मंडी तथा नमक फैक्ट्री के पास गोला नदी से लगातार क्षेत्र खतरे की जद में आ चुका है जिसमें तहसील प्रशासन द्वारा सावधानी बरतने का फरमान जारी करते हुए गोला नदी के किनारे लगते क्षेत्र में रह रहे लोगों को अन्यत्र जाने की सलाह दी है । मूसलाधार बारिश के कारण एक ओर जहां शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है तो वहीं अब गौला नदी में 29 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण रविवार देर रात्रि को गौला बैराज से गौला नदी में 29000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके साथ ही गौला नदी से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों से सर्तकता बरतने की अपील की गई है। शांतिपुरी, सूर्य नगर बंडिया, पुरानी मंडी, पुलभट्टा, सुतैया सहित कई इलाके के लोगों से सर्तक रहने को कहा गया है। जबकि नदी किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित इलाकों में जाने को कहा गया है। कई इलाकों में हुआ जलभराव लगातार हो रही बारिश के कारण किच्छा के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। किच्छा में लगातार बारिश के चलते गौला नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। इससे पुरानी गल्ला मंडी समेत निचले इलाके की आबादी को नदी के किनार 33000 केवीए का विद्युत पोल गिर गया है जिससे दस फैक्ट्रियों सहित आठ गांव की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है विद्युत विभाग के स्तर कम होते ही विद्युत सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी। पुल भट्टा के पास स्थित पावर सप्लाई स्टेशन भी प्रभावित हुआ है। तहसीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी ने



खतरा उत्पन्न होने लगा है। वहीं भारी बारिश के चलते पुल भट्टा के पास गोला एसडीओ डीसी गुरुरानी स्थिति पर नियंत्रण रखें है । उन्होंने कहा कि जल



फिलहाल पूरी स्थिति को नियंत्रण में बताया है। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए बनाई गई टीमें लगातार चिह्नित क्षेत्रों का दौरा कर रही है। व्यापारी नेता एवं सभासद प्रतिनिधि जगरूप सिंह गोल्डी ने बताया कि पुरानी मंडी स्थित गोला नदी अब कटान शुरू कर रही है तथा इसके आसपास रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गोला किनारे बसे हुए लोगों को अन्य यत्र बसाए जाने हेतु रणनीति बनाई जाए तथा गोला में खनन के कारण हुए पिचिंग नुकसान को शीघ्र दुरूस्त किया जाये।

# बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक, साफिया व मोईद के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल

हल्द्वानी। सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने, मृतकों के शपथपत्र बनाने व हाई कोर्ट को गुमराह करने के मामले में पुलिस ने बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक और बेटे अब्दुल मोईद के विरुद्ध 15 पेज का आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार इस चार्जशीट में मोईद का नाम इसलिए जोड़ा गया, क्योंकि विवादित मदरसा व नमाज स्थल पर बिजली-पानी के कनेक्शन मोईद के नाम पर थे। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने पर बवाल हुआ था। उपद्रव में पांच लोगों की मौत हो गई थी। जिस जमीन को लेकर पूरा विवाद रहा, उस पर अब्दुल मलिक ने अपना दावा किया था। 22 फरवरी को नगर निगम के प्रभारी सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां, व अब्दुल लतीफ के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी कराई थी। इन सभी पर मृत व्यक्तियों के दस्तावेज लगाकर फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन पर कब्जा करने व उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप था। मामले की विवेचना कर रहे एसएसआइ महेंद्र प्रसाद के मुताबिक जांच में सामने आया कि इस खेल में बाबू रजा नाम का व्यक्ति भी शामिल था। जिसने मलिक से सवा करोड़ के प्लाट खरीदे। फरवरी 2024 में उसकी मौत हो गई। वहीं मोईद के नाम पर बिजली व पानी के कनेक्शन लिए गए थे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार पुलिस ने चार्जशीट के अलावा 2120 पेज की साक्ष्य रिपोर्ट कोर्ट में पेश की है। जमीन के फर्जी शपथपत्र बनाने वाले अधिवक्ता के बयान भी दर्ज किए गए हैं। मामले की विवेचना जारी है। तीनों आरोपितों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इस प्रकरण में मलिक के बेटे व एक अन्य का नाम नाम जुड़ा है। हालांकि विवेचना अभी जारी है।

# ऋषिकेश के रिजॉर्ट में रेव पार्टी का भंडाफोड़ 26 लड़कों के साथ मिली सात लड़कियां

## रिजॉर्ट संचालक सहित पांच कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश। थाना लक्ष्मणझूला के मोहनचट्टी स्थित एक रिजॉर्ट में रेव पार्टी कराना रिसोर्ट संचालक तथा युवकों को भरी पड़ा। पुलिस ने रिजॉर्ट संचालक सहित पांच कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ 26 युवकों पर पुलिस एक्ट में कार्यवाही की है। पुलिस पार्टी में मिली सात युवतियों की काउंसलिंग कर रही है। शनिवार देर रात्रि में थाना लक्ष्मणझूला पुलिस को सूचना मिली कि पाम व्यू रिजॉर्ट जोगियना, मोहन चट्टी में कुछ लोग हुडदंग मचा रहे हैं। जिस पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला रवि कुमार सैनी मय फोर्स के पहुंचे। रिजॉर्ट में कुछ लोग शराब पीकर ऊंची आवाज में डीजे बजाकर हुडदंग कर रहे थे। कुछ लड़कियां भी पार्टी में डांस कर रही थी। होटल संचालक से रिजॉर्ट में शराब पिलाने के संबंध में पूछताछ की गई तो वह शराब पिलाने का लाइसेंस नहीं दिखा पाया। जिसपर पुलिस ने होटल संचालक तथा चार अन्य कर्मचारियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। जिनमें अभय कुमार निवासी सोतीगंज थाना सदर मेरठ उत्तर प्रदेश, विनीत गोयल निवासी मोती नगर गाजियाबाद, असलम निवासी संगरूर मोहल्ला पटटीवाल कला पंजाब तथा अमनदीप निवासी कोटकपूरा जिला फरीदकोट पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अन्य कर्मचारी विक्की जैन फरार चल रहा है। पुलिस ने रेव पार्टी करने वाले 26 लोगों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि मौके से मिली 07 युवतियों की काउंसलिंग की कार्यवाही की जा रही है।







# जिला स्तरीय बैठक में दिव्यांगों की समस्याओं पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सक्षम प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र कार्यालय, रुद्रपुर में आयोजित, जिला स्तरीय बैठक में प्रतिभाग किया । इस अवसर पर उनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संरक्षक सक्षम डॉ. ललित मोहन उप्रेती ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सक्षम महेश चंद्र पन्त ने की। श्री कपिल ने स्वावलंबी हो सभी, दिव्यांग ऐसी कामना है सामूहिक सक्षम गीत से बैठक की शुरुआत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि वर्ष 2008 में सक्षम की स्थापना की गई, जिसका मुख्यालय नागपुर में है। सक्षम दिव्यांगों के कल्याण व सेवा हेतु राष्ट्र स्तर पर कार्य करने वाली एक सामाजिक संस्था है। दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की शारीरिक व्याधियों को दिव्यांगता कि परिधि में लाया गया है। सभी प्रकार के दिव्यांगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं व सहायता का लाभ मिल सके, इसके लिए सक्षम ने 21 प्रकार की दिव्यांगता की धीमहि, चेतना ,दृष्टि, प्रणव ,चरैवेति, प्राणदा और सविता सात प्रकोष्ठों रचना की गई है । सक्षम के कार्यों को गति देने के लिए सात आयामों महिला, युवा, कला ,क्रीड़ा, रोजगार, एडवोकेसी और अनुसंधान सात आयामों की रचना भी की गई है। उन्होंने सभी प्रकोष्ठों व आयामों के विषय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। श्री रतूड़ी ने अपने संबोधन के दौरान आगामी कार्यक्रम कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग, उत्तराखंड के समस्त जिलो में दिव्यांग सेवा केंद्र की स्थापना , दिव्यांग मित्र योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक संपर्क करने , संगठन का विस्तार, जिला कार्यालय की स्थापना, दिव्यांग जनों को रोजगार व स्व-रोजगार उपलब्ध कराने , उनके उत्पीड़न, उपेक्षा , अन्याय रोकने के लिए सक्षम कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम के अनुपालन में किसी भी प्रकार की यदि कोताही बरती जाती है तो उसका डट कर सामना करें । किसी भी दिव्यांग के साथ कोई भी अन्याय न होने दें। सक्षम के उद्देश्यों व परिकल्पना को साकार करने तथा दिव्यांगों के सशक्तिकरण व पुनर्वास के लिए सेवा भाव व कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करें। प्रांत संरक्षक डॉक्टर ललित मोहन उप्रेती ने बताया कि दिव्यांग हितों के लिए संगठित होकर सेवा भाव से कार्य करने की आवश्यकता है इसके साथ ही रक्तदान , नेत्रदान व अंगदान के लिए भी लोगों को जागरूक करें ताकि इन अंगों का लाभ कई दिव्यांगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने दिव्यांग मित्र योजना के तहत जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर के संचालन हेतु रुपए 20 हजार की सहयोग राशि प्रदान कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर दिव्यांग गोविंद बल्लभ भट्ट ने अपना स्वरोजगार स्थापित करने हेतु जिला प्रशासन से दुकान या भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर श्रीमती आशा मुंजाल को महिला आयाम जिला प्रमुख तथा लीलावती को सविता प्रकोष्ठ जिला प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। बैठक में सक्षम जिला रोजगार प्रमुख अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने , जिला अध्यक्ष सक्षम महेश चन्द्र पन्त, कैलाश चन्द्र पन्त, गोविंद बल्लभ भट्ट, मिलन राय जिला सह-सचिव, परमजीत कौर ,संजू ,लीलावती सविता प्रकोष्ठ जिला प्रमुख, शांति गोस्वामी, कमल पन्त जिला युवा प्रमुख,अनिरुद्ध श्रीवास्तव जिला रोजगार प्रमुख, महेश चंद्र पंत जिला अध्यक्ष सक्षम, साक्षी, उमा जोशी जिला कोषाध्यक्ष,भुवन मंडल जिला सह-सचिव,भगवती पांडे, हरीश पन्त जिला सचिव, श्रीमती आशा जिला कार्यालय प्रमुख आदि मौजूद रहे।

# सुबह की सैर पर लोगों से मिले सीएम धामी

गोपेश्वर (उद संवाददाता) ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोपेश्वर नगर की सड़कों पर सुबह-सुबह सैर पर निकले। इस दौरान उन्होंने स्कूल जा रहे बच्चों को दुलार किया। उनसे बातचीत की। सीएम को अपने बीच इस तरह बच्चों को चेहरे भी खिल गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार सुबह गोपेश्वर नगर की सड़कों पर सैर सपाटा किया। स्कूल जा रहे बच्चों से बातचीत की। साथ ही वाहन चालकों और दुकानदारों



से भी बातचीत की। उन्होंने लोगों से प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का फीडबैक लिया। इस दौरान सीएम ने भाजपा कार्यकर्ता चंद्रकला तिवारी के आवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम धामी ने कहा कि जनता से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और बहुमूल्य सुझाव प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

# नोडल अधिकारी ने ब्लॉक प्रमुख के साथ किया दौरा

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। ब्लॉक प्रमुख खटीमा रणजीत सिंह नामधारी के द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिए गए प्रस्तावों पर कार्यवाही करते हुए शनिवार को सीएम धामी के निर्देश पर नोडल अधिकारी दिनेश यादव एवं ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी जी ने खटीमा क्षेत्र के बग्घा 54, मेलाघाट, मोहम्मदपुर भुड़िया, प्रतापपुर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रतापपुर- सत्रहमिल रोड, सड़ासाड़िया से प्रतापपुर न0 5 होते हुए प्रतापपुर न 0 7 तक रोड का नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण करवाने का का आश्वासन देते हुए, अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने को कहा। बग्घा 54 में मोहन सिंह चुफाल, प्रकाश कुमार, धर्म सिंह दसौनी, भाष्कारानंद जोशी, लाल सिंह बोरा की मांग पर पांच किलोमीटर टाइल्स रोड का स्टीमेट तैयार करने के लिए आरडब्लूडी के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार को दिए। यहां यादव ने बग्घा के अंदरूनी मार्गों को भी देखा। बग्घा 54 के बाद यादव नेपाल सीमा पर स्थित मेलाघाट गांव पहुंचे। यहां गांव के अंदर जाने वाली तीन किलोमीटर सड़क और अंदरूनी चार



सड़कों को शीघ्र बनवाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इसके अलावा यादव ने मोहम्मदपुर भुड़िया गांव में देवहा नदी से हो रहे कटाव को देखते हुए यहां पिचिंग के निर्माण, परवीन नदी में सफाई का स्टीमेट बनाने को कहा। खटीमा बग्घा 54 गांव के मुख्य मार्ग के बेहद जल्द दिन बहुरने वाले हैं। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से यहां मार्ग के निर्माण की मांग उठा रहे थे। इस मामले में बग्घा 54 और मेलाघाट के ग्रामीण संपर्क मार्ग की मांग उठा रहे थे। उधर मोहम्मदपुर भुड़िया के ग्रामीण देवहा नदी से हो रहे नुकसा और प्रतापपुर के लोग परवीन नदी के ओवर फ्लो होकर गांव की ओर पानी का रुख बदलने से हो रहे नुकसान से निजात दिलाने की मांग सीएम पुष्कर सिंह धामी से कर रहे थे। यादव ने कहा कि सीएम से स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इस मौके पर कुलतार सिंह, अमरजीत सिंह, ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर भूड़िया नरेन्द्र सिंह, घनश्याम, उमाशंकर, विकास विश्वास, राकेश, रवि आदि लोग मौजूद रहे।

# गायत्री पांडे को उत्तराखंड गौरव रन सम्मान

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड गौरव रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डिस्कवर उत्तराखंड 24 की ओर से संस्कृति विभाग प्रेक्षागृह देहरादून में विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी के कर कमलो से दिया गया। बतातें चले कि प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने शिक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। इससे पूर्व भी इन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनकी शिक्षा में नवाचारी प्रयोग तथा सामाजिक




कार्यों हेतु कई बार सम्मानित किया जा चुका है। विदित हो कि गायत्री पांडे की साहित्यिक क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ है अभी तक उनकी तीन सोलो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। हाल ही में उनकी किताब बाल काव्य संग्रह 'बालमन' का विमोचन शिक्षा निदेशक श्रीमती बंदना गर्वयाल द्वारा किया गया था, तथा उन्होंने इस किताब की भूरी भूरी प्रशंसा भी की थी। प्रस्तुत किताब में इन्होंने बच्चों हेतु बहुत ही ज्ञानवर्धक कविताओं को लिखा है जिसको पढ़कर बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास के साथ ही सामाजिक तथा संस्कृति की अच्छी जानकारी मिलती है।

# सनातन धर्म मंदिर में लाखों की चोरी

गदरपुर( उद संवाददाता)। सनातन धर्म मंदिर बुद्ध बाजार में गत रात्रि लाखों रुपए की हुई चोरी के मामले में सनातन धर्म मंदिर कमेटी पदाधिकारियों द्वारा थाने में पुलिस को सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा मंदिर



पहुंचकर मौका मुआयना करके मंदिर कमेटी पदाधिकारियों से वार्ता की। मंदिर पदाधिकारियों का कहना था कि नगदी सहित लगभग ढाई से तीन लाख के सामान की चोरी हुई है जिसमें माता रानी के सिर पर चांदी का छत्र, बजरंगबली के सिर पर दो चांदी के छत्र और एक श्याम बाबा की बांसुरी जो चांदी की बताई जा रही है और दान पत्र तोड़ कर नगदी चोरी की गई है। समाचार लिखे जाने तक पदाधिकारियों द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।

# काबल सिंह बने तराई किसान संगठन के जिलाध्यक्ष

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। तराई किसान संगठन की बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए काबल सिंह को जिलाध्यक्ष और सुरजीत सिंह बरनाला को ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिन्दर सिंह विर्क



ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर संगठन को मजबूत बनाने और किसान हित में कार्य करने का आहवान किया। दोनों पदाधिकारियों का बैठक में मौजूद लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

# भारी बारिश के बीच निकाली जगन्नाथ की रथ यात्रा

दिनेशपुर( उद संवाददाता) ।भारी बरसात के बावजूद ग्रामीणों ने दिनेशपुर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली है। ग्रामीण क्षेत्र के सुंदरपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सुंदरपुर गांव से होते हुए दिनेशपुर नगर के मुख्य मार्गो में निकाली। जो नगर का परिक्रमा करते हुए पुनः सुंदरपुर गांव में जाकर रथ यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान जमजम बारिश भी हो रही थी। आपको



बता दे की इस रथ यात्रा का आयोजन हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से होता है। भगवान जगन्नाथ आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से दशमी तिथि तक जनमानस के बीच रहते हैं। इस दौरान सुंदरपुर तथा दिनेशपुर के कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**भारी बारिश से मचा...**नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से अब लोगों को 2021 अक्टूबर माह में आई बाढ़ का मंजर याद आने लगा है। बारिश नहीं थम रही है जिसके चलते लोगों की सासें अटकी है। कल्याणी नदी के जल स्तर पर विभागीय अधिकारी पैनी नजर लगाये हुए हैं। नदी किनारे बसे कई लोगों ने संभावित बाढ़ को देखते हुए परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया जा रहा है। रूद्रपुर मुख्य बाजार में भी पानी भरने से व्यापारियों की चिंता बढ़ गयी है। बारिश जल्द नहीं रूकने पर मुख्य बाजार में भी भारी नुकसान की आशंका व्यक्त की जताई जा रही है। विधायक शिव अरोरा ने सोमवार को पुनः एक बार बाढ़ इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं जिले भर में कई स्थानों से बाढ़ से भारी नुकसान के समाचार मिल रहे हैं। प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहतपहुंचाने में जुटा है।

**डीएम ने किया बाढ़.....** कर राहत बचाव कार्य का मोर्चा सम्भाला। उन्होने अरविन्द नगर क्षेत्र से एसडीआरएफ, तहसील, पुलिस द्वारा राहत बचाव अभियान चलाकर 44 परिवारों को राजकीय उच्च प्राईमरी विद्यालय झाड़ी में विस्थापित कराया तथा तहसील प्रशासन के माध्यम से विस्थापित परिवारो के लिये भोजन की व्यवस्था की गयी। उधर तहसील गदरपुर के नगर पालिका वार्ड संख्या 11 के 20 लोगों को जल भराव होने के कारण सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया गया तथा भोजन की व्यवस्था की गयी। जबकि ग्राम तुर्कातिसौर में अत्यधिक जल भाराव होने से एक परिवार को जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित विस्थापित किया गया। जलपद के सभी जल भाराव क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा तहसील प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के माध्यम से राहत बचाव कार्य लगातार किया जा रहा है। जनपद मुख्यालय उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज उपाध्याय, प्रभारी अधिकारी आपदा गौरव पाण्डेय प्रातः से ही आपदा कन्ट्रोल रूम में बैठ कर जनपद के बाढ़, जल भराव की सूचनाएं प्राप्त कर पैनी नजर बनाये हुये है व मॉनिट्रिंग कर रहे है तथा आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धितो को जारी किये जा रहे है।

**तालाब में तब्दील हुई ...**दुश्वार हो गया है सोमवार को भारी बारिश से गदरपुर की तमाम सड़के तालाब में तब्दील हो गई और अबाजाही भी ठप होने की स्थिति पैदा हो गई बात करें गूलरभोज रोड की तो लगभग दो- दो फुट पानी सड़क के ऊपर चल रहा है जहां आम लोगों का निकलना भी दूभर हो रहा है सोमवार को ही बारिश से गदरपुर की अंदरूनी इलाके और ग्रामीण क्षेत्र का सबसे ज्यादा बुरा हाल रहा है यहां रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो गई लगातार हो रही झमाझम बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया बारिश से पहले नगर पालिका द्वारा शहर के नालों की सफाई के दावे किए गए थे लेकिन झमाझम बारिश में उफान से नालों और तालाब बनी सड़कों ने इन सब दावों की पोल खोल दी है। नगर में गूलरभोज रोड,इस्लाम नगर,अनाज मंडी, करतारपुर रोड, ज्ञान विहार का भारी पानी के कारण बुरा हाल है वही सिनेमा कालोनी का भी बुरा हाल है बरसात का पानी कुछ घरों के अंदर घुस गया है जिसके चलते रहना खाना पीना सब प्रभावित हो रहा है वार्ड नंबर तीन की निवासी गीता पपोला के घर में भी पानी घुस गया है जिसके चलते उनके घर के सभी काम प्रभावित हो रहे हैं उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि सहायता के लिए जो सरकारी नंबर जारी किए गए हैं वहां भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है अधिकारी फोन उठाना भी गवारा नहीं समझ रहे हैं एक तो बरसात की मार और ऊपर से अधिकारियों का रूखापन आखिर आम आदमी कहां जाए ऐसे ही ग्रामीण क्षेत्रों में मजरा शीला, डांगपूरी,झगड़पुरी, आबाद नगर, महतोष, पत्थर कुई, राजपुरा कॉलोनी सहित कई गांव की सड़क जलमग्न है निकासी न होने के कारण आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**टॉल प्लाजा हुआ...**होने से कई दोपहिया वाहनों के भी बहने की खबर है। शहरी क्षेत्रों का भी बाढ़ से बुरा हाल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास आवास को जाने वाली रोड स्थित कालौनी पूरी तरह डूब चुकी है। बताया जा रहा कि पास में ही मौजूद नदी में बाढ आने से ऐसी स्थिति खड़ी हुई है। प्रशासन जल निकासी के लिए जुटा हुआ है। भारी बारिश से नदियों का जल स्तर बढ़ने के चलते प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। उधर बनबसा में भी बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। बनबसा और खटीमा में बाढ़ से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई हैं अब तक 200 से अधिक लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है। सेनानायक मणिकांत मिश्रा एक एसडीआरएफ की टीम बैकअप के तौर पर खटीमा रवाना पहुंच रही है। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा बनबसा क्षेत्र से 45 महिला, पुरुष, बच्चों को सकुशल रेस्क्यू किया गया। जबकि खटीमा क्षेत्रान्तर्गत चकरपुर में टीम द्वारा जलभराव हुए क्षेत्र से रेस्क्यू कर लगभग 100 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया दिया गया है। ऋषिकेश से बैकअप के तौर पर आई टीम ने अरविन्दनगर में रेस्क्यू कार्य आरम्भ कर दिया गया है। मौके पर आर्मी व एनडीआरएफ भी पहुँच चुकी है।

**सीएम ने वीडियो...**को आपसी सामंजस्य बना कर कार्य करने एवं हर संभावित परिस्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया बात करते हुए बताया कि सभी जिलों के जिला अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम में भी राहत कार्यों में जुटी हुई है, जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन के द्वारा क्षेत्र में भ्रमण तथा ग्रामीण निचले क्षेत्रों में राहत सामग्री तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से ग्रामीणों को रेस्क्यूभी किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बच्चों, महिलाएं एवं बुजुर्गों विशेषकर गर्भवतियों के रहने, खाने-पीने एवं दवाओं आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**लालकुंआ में रेलवे..**एवं आसपास के क्षेत्र में भारी बरसात होने से जगह-जगह जल भराव हो गया है, तथा मोटाहल्दु, बेरीपड़ाव, गोरापड़ाव, बिंदुखत्ता लालकुआं समेत तमाम क्षेत्रों में घरों में पानी घुसने और लोगों का बरसात से भारी नुकसान होने के समाचार मिल रहे हैं।

**किच्छा विधायक बेहड़....**करने का आरोप लगाते हुये उनकी सदस्यता समाप्त करने हेतु विधिक कार्यवाही करने की मांग की है। आज देहरादून में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधाायक शुक्ला ने सभी तथ्यों के साथ कहा कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ क्षेत्र में अपराधियों का एक गिरोह बना कर कार्य कर रहे है।। उनके अपराधी साथियों पर जब पुलिस कार्यवाही करती है तो विधायक तिलक राज बेहड़ पुलिस एवं सरकार के विरूद्व झूठी बयानबाजी कर सरकार के खिलाफ माहौल बनाते है और अपराधियों को बचाते है। ऐसा न करने वाले ईमानदारी अधिकारियों के विरूद्ध वह शासन में एवं विधानसभा के पटल पर सरासर झूठ बोलते है तथा अपने विशेषाधिकार का दुरूपयोग करते है। श्री शुक्ला ने कहा कि बेहड़ के एक बेहद करीबी कार्यकर्ता ने एक टैम्पो चालक से सिडकुल स्थित एक कम्पनी में जा रही कुंतलों मक्का लूट ली और उसके बाद उक्त कार्यकर्ता द्वारा चालक को अकेले में ले जाकर नगदी भी लूट ली। इस पर कार्यवाही हुई तो बेहड़ ने विधायक पद का दुरूपयोग कर एसएसपी उधमसिंहनगर एवं किच्छा कोतवाल पर दबाब बनाने का प्रयास किया परन्तु पुलिस द्वारा दबाब में न आकर उक्त आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। जिस पर किच्छा विधायक बेहड़ ने विधानसभा सत्र में उल्टे पुलिस एवं सरकार को बदनाम करने की कोशिश की। शुक्ला ने कहा कि एक ओर कांग्रेस संविधान बचाने एवं जाति जनगणना का राग अलाप रही है दूसरी और उनके विधायक तिलक राज बेहड़ संविधान में प्रदत्त शक्ति का दुरूपयोग कर पंतनगर निवासी पिछड़ी जाति के परिवार का शोषण कर रहे है। युवती के साथ छेड़छाड़, बलात्कार का प्रयास और उसके बाद युवती को आत्महत्या करने के लिये मजबूर करने वाले आरोपियों के पक्ष में धरना देकर मृतका के परिवार पर ही झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। कांग्रेस हाईकमान द्वारा अपने विधायक की एक करतूत का संज्ञान लेते हुये तत्काल कांग्रेस से निष्कासित करना चाहिये। श्री शुक्ला ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से भी सवाल किया कि उनके जनपद उधमसिंहनगर में एक 19 वर्ष के दलित युवक सन्नी सिंह पुत्र बल्देव सिंह की रहस्यमयी ढंग से हत्या के मामले में आरोपी पर सही मुकदमा दर्ज नही हुआ। इसके पीछे भी उनकी पार्टी के विधायक तिलक राज बेहड़ का दबाब था क्योकि आरोपी उनका रिश्तेदार था। श्री शुक्ला ने कहा कि विधायक बेहड़ के संरक्षण में उधमसिंहनगर में हत्या,लूट, बलात्कार,कबूतरबाजी खनन तथा अन्य अपराधों में उनके समर्थक लगे हुये है। किच्छा और उसके आसपास के बिल्डर एवं कालानाईजर्स के विरूद्ध बयानबाजी कर उनके करीबियों द्वारा रूपयों की मांग की जा रही है। बेहड़ द्वारा सदन में झूठ बोलकर अधिकारियों पर दबाब बनाया जाता है,ऐसे में अधिकारी उनके विरूद्ध कार्रवाही से घबराते है। शुक्ला ने कहा कि इन घटनाओं से कांग्रेस का दलित एवं पिछड़ा एवं महिला विरोधी चरित्र उजागर जनता के सामने आ रहा है। शुक्ला ने कहा कि उन्होंने पंतनगर थाने में स्व0 कु0संध्या के पिता, भाई एवं रिश्तेदार पर लगाये गये झूठे मुकदमों के बारे में डीजीपी अभिनव कुमार को भी पत्र देकर जांच कराये जाने की मांग की है।

# नीरज ने कोषाध्यक्ष पद पर ठोकी ताल

किच्छा( उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष पद के लिए युवा व्यापारी नीरज बजाज ने अपना दावा पेश किया है तथा अपनी जीत के लिए संपर्क अभियान छेड़ दिया है। नीरज बजाज के कोषाध्यक्ष पद हेतु ताल ठोकने से दावेदारों में हलचल पैदा हो गई है। उल्लेखनीय है कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के गठन हेतु चुनाव समिति द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जो अब अंतिम पड़ाव पर है जिसमें लगभग ढाई सौ से अधिक व्यापारियों द्वारा सदस्यता ली गई है। इसी सदस्यता अभियान में व्यापारियों के रुख को भांपते हुए युवा व्यापारी नेता नीरज बजाज ने कोषाध्यक्ष पद हेतु अपना दावा पेश करते हुए कहा कि नगर व्यापार मंडल को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु युवा नेताओं की आवश्यकता है जिसके लिए वे तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यापारियों की आवाज बुलंद करने के लिए कोई भी नेतृत्व नहीं है उनसे तमाम व्यापारियों ने इस संबंध में चर्चा की है तथा व्यापारियों की सलाह पर ही वह कोषाध्यक्ष पर हेतु अपना दावा पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक नगर के व्यापारियों की आवाज को शासन प्रशासन के सम्मुख रखने वाले नेतृत्व की कमी खल रही है। यदि व्यापारियों ने उन्हें कोषाध्यक्ष पद पर जीत प्राप्त कराई तो हुए दुगनी ताकत से व्यापारियों की बात को शासन प्रशासन के सम्मुख रख सकेंगे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







रूद्रपुर के जगतपुरा,शिवनगर में कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों के घरों मे पानी भर गया है।















ऊधमसिंहनगर जनपद में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। वहीं गदरपुर और किच्छा में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के इंतजार में लोग घर छोड़ने को मजबूर हो गये हैं।